# राजकीय पॉलीटेक्निक जाखणीधार, टिहरी गढवाल।

## —:कार्यालय ज्ञाप :—

संस्था के विभिन्न कार्यों को सुचारू रूप से सम्पादित करने हेतु सैत्रिक सत्र 2025—26 के लिए निम्नलिखित अधिकारियों / कर्मचारियों की समितियां गठित की जाती हैं एवं समस्त स्टाफ से यह अपेक्षा की जाती है कि छात्र हित एवं संस्था हित को दृष्टिगत रखते हुए सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना से आवंटित दायित्व का निष्पादन पूर्ण ईमानदारी एव कर्तव्यनिष्ठा से करना सुनिश्चित करेगें। जिससे संस्था में शिक्षण / प्रशिक्षण तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों में गुणात्मक सफलता हासिल की जा सके और संस्था / छात्रों को इसका अधिकाधिक लाभ मिल सके।

| क्र0सं0 | समिति | अधिकारी / कर्मचारी का नाम | दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1. | शैक्षिक एवं संस्था विकास समिति | श्री विकास कुमार बहुगुणा—शैक्षिक अधिकारी<br>श्री राजू सैनी—सहायक शैक्षिक प्रभारी<br>श्री रणवीर सिंह—सदस्य<br>श्रीमती लीला नेगी—सदस्य<br>श्री भूपेन्द्र सिंह—सदस्य<br>श्री बंका सिंह पंवार—सदस्य | इस समिति में समस्त विभागों के अध्यक्ष / विभाग प्रभारी पदेन सदस्य होंगे। संस्था की यह सर्वोच्च समिति होगी, जो अधोहस्ताक्षरी के अधीन संस्थान में उच्चस्तरीय गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण बनाने, छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों को सुविधापूर्ण त्वरित सेवाएं प्रदान करने तथा संस्था के अन्य विकास परक कार्य हेतु समस्त आवश्यक प्रशासनिक एवं अन्य निर्णय में सम्यक् भागीदारी हेतु समय—समय पर संस्तुति करेगी। यह समिति कक्षाओं के नियमित संचालन का निरंतर अनुश्रवण करेगी तथा समय—समय पर अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराना सुनिश्चित् करेगी तथा प्रत्येक माह शैक्षणिक आख्या निदेशालय को भी प्रेषित कराने हेतु आवश्यक व्यवस्था करेगी। अध्यापन पठन—पाठन समय सारणी तैयार करेंगें विभागाध्यक्ष / विभाग प्रभारी द्वारा निर्मित समय सारणी से छात्रों की उपस्थिति, कलैण्डर (शैक्षणिक) का अनुपालन, शिक्षण—पंजिका की मासिक प्रगति आदि की सूचना का प्रेषण करना एवं अध्यापकों की अनुपस्थित में कक्षा की व्यवस्था एवं मासिक निरीक्षण करेंगे। |
| 2. | प्रवेश समिति | श्री राजू सैनी—अध्यक्ष<br>श्री भूपेन्द्र सिंह—सदस्य<br>श्री बंका सिंह पंवार—सदस्य<br>श्री अनूप नौडियाल—सदस्य<br>श्री राजेश सिंह—पटल सहायक | प्रवेश समिति जीप के माध्यम से चयनित समस्त छात्र / छात्राओं के प्रवेश संबन्धी कार्य का परिषद् के नियमानुसार / निर्देशानुसार समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए निष्पादन करेगी। प्रवेश के समय समस्त अन्य विभागाध्यक्ष, प्रॉक्टर, एवं अनुशाासन समिति से जुडे अधिकारी / कर्मचारी छात्र अनुशासन / सहायता में अपना सक्रिय योगदान प्रदान करेंगे। प्रवेश से संबन्धित समस्त अभिलेख छात्र सहायक द्वारा सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रखेंगे। |
| 3. | परीक्षा समिति | श्री विकास कुमार बहुगुणा—अध्यक्ष<br>श्री भूपेन्द्र सिंह—प्रभारी<br>श्री राजेश सिंह—पटल सहायक | सैत्रिक अंकों का संकलन ,परिषदीय सेमेस्टर परीक्षा, सैत्रिक / अर्द्धवार्षिक परीक्षा की व्यवस्था एवं सम्पादन का दायित्व। यह समिति परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं की सम्पूर्ण व्यवस्था, नियमानुसार परीक्षा एवं छात्र प्रवेश, छात्रों के शैक्षिक अभिलेखों को डिजिटल फार्म में संरक्षित रखने, सैत्रिक परीक्षा / टेस्ट एव सैत्रिक अंकों के अभिलेख सुरक्षित रखने संबन्धी सम्पूर्ण कार्य करेगी। |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | **ए0आई0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त करने एवं AISHE /NBA से सम्बन्धित अन्य कार्य** | श्री राजू सैनी–अध्यक्ष<br>श्री रणवीर सिंह–सदस्य<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य | ए0आई0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त करने हेतु निर्धारित समयावधि के भीतर आन लाइन आवेदन करना तथा ए0आई0सी0टी0ई0 कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करना। ए0आई0सी0टी0ई0 से संबन्धित समस्त कार्य एवं AISHE/NBA कराये जाने सम्बन्धी कार्यवाही आदि कार्य।यह अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है। अतः इसे प्राथमिकता से किया जाना है, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न की जाय। |
| 5. | **ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट प्रकोष्ठ / उद्योग अर्न्तग सम्बन्ध/औद्योगिक भ्रमण समिति** | श्री राजू सैनी–अध्यक्ष<br>श्री रणवीर सिंह–सदस्य<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य | कैम्पस इण्टरव्यू कराना, एवं छात्र–छात्राओं के रोजगार हेतु कम्पनियों/उद्योगों से सम्पर्क कर साक्षात्कार आयोजित संबन्धी कार्यवाही करना एवं सभी डिप्लोमाधारियों की रोजगार सूचना निदेशालय को प्रेषित करना एवं B.O.A.T. (Northern Region) के वेब पोर्टल पर संस्था से उत्तीर्ण छात्रों का enrollment संबंधी कार्य। यह समिति अध्ययनरत् छात्रों की सूची, समस्त उत्तीण छात्रों हेतु प्लेसमेंट, विगत वर्षों में प्लेसमेंट की वास्तविक स्थिति, इन्स्टीट्यूट मैनेजमेंट कमेटी के गठन तथा उसकी क्रियाशीलता, स्थानीय एवं वाह्य उद्योगों में छात्रों की मांग हेतु विस्तृत सूचनाओं का प्रबन्धन/अध्ययरत छात्रों हेतु उद्योगों में ट्रेनिंग की व्यवस्था तथा अन्तिम वर्ष के छात्र/छात्राओं के अप्रेन्टिशिप फार्म भरवाने से संबन्धित समस्त कार्य आदि भी करेगी। अध्ययनरत छात्रों के प्लेसमेंट से संबन्धित सभी अभिलेख कार्यालय में सुरक्षित/सुव्यवस्थित रखेंगे तथा प्रभारी कैम्पस प्लेसमेंट की समस्त अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। |
| 6. | **भवन एवं विद्युत अनुरक्षण समिति** | श्री विकास कुमार बहुगुणा–अध्यक्ष<br>श्री बंका सिंह पंवार–प्रभारी<br>श्री राजेश सिंह–पटल सहायक | यह समिति संस्था के समस्त निर्माण कार्य का अनुश्रवण तथा क्रियान्वयन एवं आवश्यक भवन अनुरक्षण इत्यादि के संबन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही तथा उसका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी। संस्था को उपलब्ध भूमि पर आवासीय/ अनावासीय भवनों के निमार्ण संबंधी कार्यो का अनुश्रवण तथा मासिक प्रगति का आकलन प्रस्तुत करना। संस्था के शैक्षिक, कार्यालय भवनों एवं निर्माणाधीन भवनों,/जलापूर्ति एवं फर्नीचर अनुरक्षण कार्य करेंगे। विद्युत अनुरक्षण तथा बिल संबंधी विसंगतियों का निराकरण करना। |
| 7. | **चतुर्थ श्रेणी/ सुरक्षा** | श्री राजू सैनी–सुरक्षा अधिकारी<br>श्री बंका सिंह पंवार–सुरक्षा प्रभारी | यह प्रकोष्ठ संस्था की सम्पत्ति की सुरक्षा हेतु चौकीदारी तथा लैब/शॉप/कार्यालय/भण्डार आदि में चतुर्थ श्रेणी की ड्यूटी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करायेगा। |
| 8. | **प्रोक्टोरियल बोर्ड /Anti Ragging/Anti Ragging Squad/अनुशासन समिति** | श्री विकास कुमार बहुगुणा–अध्यक्ष<br>श्री राजू सैनी–सदस्य<br>श्री रणवीर सिंह–सदस्य<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य<br>श्री भूपेन्द्र सिंह–सदस्य<br>श्री बंका सिंह पंवार–सदस्य<br>श्री अनूप नौडियाल–सदस्य<br>श्री रविन्द्र डबराल–सदस्य | यह समिति छात्र/छात्राओं के अनुशासन जिसमें रैगिंग के मामले भी सम्मिलित रहेंगे तथा अन्य विवाद निपटान करेगी। माह में हुए ऐसे प्रकरणों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करेगी तथा छात्र अनुशासन कायम रखने हेतु ठोस कदम उठायेगी एवं रैगिंग निरोध हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगी। समिति छात्रों की अन्य समस्याओं का निराकरण करेगी एवं अन्तिम वर्ष के एक छात्र छात्रा को सदस्य नामित करेगी। |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | भण्डार क्रय/निष्प्रयोज्य समिति/निष्प्रयोज्य सामग्री निस्तारण एवं विनिष्टीकरण निर्दान (विडिंग) समिति | श्री बिकास कुमार बहुगुणा–जैम अधिकारी<br>श्री राजू सैनी–स्टोर अधिकारी<br>श्री भूपेन्द्र सिंह–जैम प्रभारी<br>श्री रणवीर सिंह–सदस्य<br>श्री अनूप नौडियाल–स्टोर प्रभारी<br>श्री बंका सिंह पंवार–सदस्य<br>श्री अजय कुमार–पटल सहायक<br>कोषागार से नमित सदस्य | निविदा/कोटेशनों का सम्पादन, बिलों का सत्यापन एवं क्रय संबंधी कार्य तथा राईट आफ से सम्बन्धित कार्य। आपूर्तित सामग्री का भौतिक सत्यापन, यथोचित अधिकारी/कर्मचारी, लैब/विभाग के अध्यक्ष प्रभारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जाएगा। यह समिति वित्तीय एवं अन्य संशाधनों की उपलब्धता के अनुसार संस्था में होने वाले क्रय इत्यादि की प्राथमिकता के अनुसार कार्य योजना बनाकर संस्था में सामग्री क्रय सम्बन्धित समस्त कार्य उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रॅक्योरमेंट) नियमावली 2017 (यथा संशोधित) के अनुसार अधोहस्ताक्षरी के निर्देश में सम्पन्न करेगी। |
| 10. | **Grievance Redressal committee/** छात्र लोकपाल समिति | श्री विकास कुमार बहुगुणा–अध्यक्ष<br>श्री राजू सैनी–सदस्य<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य | यह समिति समय समय पर संस्था बेवसाइट पर **Grievance Redressal पर** लॉगइन कर पंजीकृत शिकायतों का निवारण कर कृत कार्यवाही से प्रधानाचार्य को अवगत करायेगी। यह समिति अन्तिम वर्ष के संस्थागत छात्र–छात्राओं में एक–एक छात्र–छात्रा को सदस्य नामित कर संस्था स्तर पर संस्था वेवसाइट से शिकायतों को प्राप्त कर उनका निस्तारण करेगी। |
| 11. | संस्था बागवानी/परिसर सौन्दर्यीकरण समिति | श्री भूपेन्द्र सिंह–अध्यक्ष<br>श्री बौवी पंवार–सदस्य<br>श्री सुरेश कुमार–सदस्य<br>समस्त पी0आर0डी0 कार्मिक | यह प्रकोष्ठ संस्था परिसर के सौन्दर्यीकरण एवं छात्र/छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता कार्य। इस कार्य में चतुर्थ श्रेणी सहयोग प्राप्त करेंगे। |
| 12. | पुस्तकालय समिति | श्री विकास कुमार बहुगुणा–पु0 अधिकारी<br>श्री बंका सिंह पंवार–पु0 प्रभारी<br>श्री रणवीर सिंह–सदस्य<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य | यह समिति पुस्तकालय एवं वाचनालय में ली जाने वाली पुस्तकों, पत्रिका इत्यादि की मांग के अनुरूप उपलब्धता/ रखरखाव सुनिश्चित करेगी एवं ई– ग्रन्थालय सॉफ्टवेयर में सभी पुस्तकों का डाटा फीड करेगी। |
| 13. | उद्यमिता विकास एवं एवं तकनीकी शिक्षा का प्रचार एवं प्रसार समिति | श्री राजू सैनी–अध्यक्ष<br>श्री रणवीर सिंह–सदस्य<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य<br>श्री भूपेन्द्र सिंह–सदस्य<br>श्री बंका सिंह पंवार–सदस्य<br>श्री रविन्द्र डबराल–सदस्य | छात्र एवं छात्राओं में उद्यमिता विकास एवं संस्था उद्योग अर्न्तसम्बन्ध एवं तकनीकी शिक्षा का प्रचार एवं प्रसार एवं परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यचर्या के अर्न्तगत छात्र–छात्राओं को विभिन्न सेमिनार/प्रशिक्षण गतिविधियों में प्रतिभाग करवाना। |
| 14. | सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति | श्रीमती लीला नेगी–अध्यक्ष<br>श्री रणवीर सिंह–सदस्य<br>श्री बंका सिंह पंवार–सदस्य<br>श्री रविन्द्र डबराल–सदस्य<br>श्री अंकित अवस्थी–सदस्य | यह समिति विभिन्न अवसर जैसे स्वन्तत्रता दिवस शिक्षक दिवस,इंजीनिर्यस डे, राज्य स्थापना दिवस एवं अन्य महत्वपूर्ण दिवस इत्यादि पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन के साथ–साथ विभिन्न अवसरों पर पोस्टर प्रतियोगिता,भाषण, वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करेगी साथ ही रिफेशर डे इत्यादि का आयोजन करायेगी। |
| 15. | सूचना का अधिकार शिकायत समिति | प्रधानाचार्य/लोक सूचना अधिकारी (संस्थागत)<br>श्री विकास कुमार बहुगुणा–सहायक लोक सूचना अधिकारी<br>श्री राजेश सिंह–पटल सहायक | इस समिति का दायित्व सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जन शिकायतों का निराकरण एवं समयान्तर्गत सूचना का प्रेषण करना एवं संस्थागत सूचना का अधिकार का मैन्युअल को अपडेट रखना। |
| 16. | समस्त छात्रवृत्ति एवं शुल्क मुक्ति/अनुसूचित जाति (SC)/अनुसूचित जनजाति (ST) | श्री राजू सैनी–अध्यक्ष<br>श्री रणवीर सिंह–सदस्य<br>श्री भूपेन्द्र सिंह–सदस्य<br>श्री अनूप नौडियाल–सदस्य<br>श्री अजय कुमार–पटल सहायक | यह समिति समस्त प्रकार की छात्रवृत्ति हेतु मैनुअल/ऑनलाइन आवेदनों की जांच एवं संस्तुति संबंधी समस्त कार्यवाही निर्धारित समयान्तर्गत सम्पन्न करेगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबन्धित शिकायतों का निस्तारण करना। |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | /OBC ,अत्याचार निवारण समिति | | |
| 17. | क्रीड़ा एवं शिक्षणेत्तर क्रिया कलाप समिति | श्री रणवीर सिंह–अध्यक्ष<br>श्री बंका सिंह पंवार–प्रभारी<br>श्री अनूप नौडियाल–सदस्य<br>श्री रविन्द्र डबराल–सदस्य | यह समिति छात्रों में खेल भावना बढ़ा कर खेलों के प्रति रूझान पैदा करेगी। संस्था में नियमित रूप से तथा वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के संबन्ध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेगी तथा आवश्यकतानुसार संस्था के अन्य शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ का सहयोग ले सकेगी। |
| 18. | वेबसाइट , इण्टरनेट, टेलीफोन मैन्टीनेन्स/ ई–लर्निंग सेन्टर/ बायोमेट्रिक मशीन /कम्प्यूटर ,प्रिंटर संबधी उपकरणो का अनुरक्षण समिति | श्री राजू सैनी–अध्यक्ष<br>श्री रणवीर सिंह–सदस्य<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य | यह समिति संस्था में स्थापित दूरभाष/इन्टरनेट आदि के अनुरक्षण की व्यवस्था करेगी। साथ ही संस्था की बेवसाइट www.gpjakhannidhar.org.in के अद्यावधिक नवीनीकरण एवं यथा उपयोगार्थ ई लर्निंग सेन्टर की समस्त व्यवस्थाओं को समुचित रूप से पूर्ण किये जाने हेतु उत्तरदायी होगी। बेवसाइट हेतु आवश्यक डाटा इत्यादि प्राप्त कर उन्हें अपलोड किए जोने की भी जिम्मेदारी इस समिति की होगी। |
| 19. | महिला कल्याण/ यौन उत्पीड़न निवारण समिति/आंतरिक शिकायत समिति (ICC) | श्रीमती लीला नेगी–अध्यक्ष<br>श्रीमती प्रियंका बिष्ट BHW S/C कपरैणीसैंण नन्दगॉव टि0ग0<br>कु0 मोनिका तृतीय वर्ष छात्रा<br>कु0 कशिश द्वितीय वर्ष छात्रा<br>कु0 कशिश प्रथम वर्ष छात्रा | यह समिति संस्था में महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबन्धित शिकायत के संबन्ध में आवश्यक सुनवाई तथा कार्यवाही करेगी। छात्राओं से संबन्धित शिकायत हेतु संस्था स्तर पर दो छात्राओं को भी नामित करेगी। |
| 20. | स्किल डेवेलपमेन्ट इकाई संचालन समिति | श्री रणवीर सिंह–अध्यक्ष<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य<br>श्री भूपेन्द्र सिंह–सदस्य<br>श्री अनूप नौडियाल–सदस्य | कौशल विकास से संबन्धित ए0आई0सी0टी0ई0, उत्तराखण्ड शासन द्वारा संचालित एवं जिला स्तरीय प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना आदि के क्रियान्वयन की आवश्यक कार्यवाही करना। (UKSDM, AICTE) |
| 21. | जिला स्तरीय विभिन्न कार्यकम/योजना मतदाता जागरूकता, या अन्य कार्यक्रमों की संचालन समिति। | श्रीमती लीला नेगी–अध्यक्ष<br>श्री अनूप नौडियाल–सदस्य<br>श्री बंका सिह पंवार–सदस्य<br>श्री रविन्द्र डबराल–सदस्य<br>श्री अंकित अवस्थी–सदस्य | यह समिति जिला स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमों/ योजनाओं यथा मतदाता जागरूकता, कृमि दिवस, अन्य कार्यक्रमों को संचालित करेगी, एवं कार्यक्रमों से सम्बन्धित कार्यवाही से प्रधानाचार्य महोदय को भी अवगत करायेगी। |
| 22. | अतिथि स्वागत समिति | श्रीमती लीला नेगी–अध्यक्ष<br>श्री बंका सिह पंवार–सदस्य<br>श्री अनूप नौडियाल–सदस्य<br>श्री बौवी पवार–सहायक | यह समिति संस्था में आये अतिथियों के स्वागत हेतु आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्था करेगी। |
| 23. | G.I.S. and UK ROW 2018 एवं जल नीति | श्री रणवीर सिंह–अध्यक्ष<br>श्री भूपेन्द्र सिंह–सदस्य<br>श्री बंका सिंह पंवार–सदस्य | G.I.S. and UK ROW 2018 एवं जल नीति से सम्बन्धित कार्य |
| 24. | Alumni Network committee | श्री राजू सैनी–अध्यक्ष<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य<br>श्री भूपेन्द्र सिंह–सदस्य<br>श्री अनूप नौडियाल–सदस्य<br>श्री बंका सिंह पंवार–सदस्य | यह समिति संस्था से डिप्लोमा उत्तीर्ण हुए छात्र–छात्राओं से सम्पर्क बनाए रखने हेतु एवं पूर्व में सेवायोजित छात्रों के माध्यम से अंतिम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं के प्लेसमेंट हेतु व्यवस्था करेगी। |
| 25. | Anti Drug Committee/ Internal Quality Assurance Cell | श्री विकास कुमार बहुगुणा–अध्यक्ष<br>श्री रणवीर सिंह–सदस्य<br>श्री अनूप नौडियाल–सदस्य<br>श्री अंकित अवस्थी–सदस्य<br>श्री केशव प्रसाद पाण्डे (विशेष काउंसलर) | यह समिति संस्था में नशाखोरी के प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु नियमित काउंसलिंग सत्रों का आयोजन करेगी। |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26. | Sewa ka Adhikar Samiti | श्री विकास कुमार बहुगुणा–अध्यक्ष<br>श्री भूपेन्द्र सिंह–प्रभारी<br>श्री अनूप नौडियाल–सदस्य<br>श्री राजेश सिंह–पटल सहायक | सेवा का अधिकार अधिनियम 2011 के तहत अधिसूचित सेवा से सम्बधित आवेदन पत्रों का समय अवधि के अर्न्तगत निस्तारण करना सुनिश्चित करेगी। |
| 27. | GPF/NPS,IncomeTax Record committe | श्री विकास कुमार बहुगुणा–अध्यक्ष<br>श्री रणवीर सिंह–सदस्य<br>श्री भूपेन्द्र सिंह–सदस्य<br>श्री अजय कुमार–पटल सहायक | यह समिति संस्था के कार्मिकों के GPF/NPS,IncomeTax Record Maintenance का कार्य करेगी। |
| 28. | CM Dash Board /CM Helpline | श्री रणवीर सिंह–अध्यक्ष<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य | सी0एम0 हेल्पलाइन एवं सी0एम0 डैशबोर्ड से संबन्धित मासिक एवं त्रैमासिक सूचनाओं का प्रेषण से सम्बन्धित कार्यवाही। और Social Media Handle करेंगे। |
| 29. | Computer Science Department | श्री राजू सैनी–प्रभारी अध्यक्ष | संस्था में पठन–पाठन, लैब सृदढीकरण एवं Computer Science Department से सम्बन्धित समस्त कार्य। |
| 30. | मासिक / वार्षिक पत्रिका समिति | श्री विकास कुमार बहुगुणा–अध्यक्ष<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य<br>श्री रविन्द्र डबराल–सदस्य | संस्था में छात्र–छात्राओं को पुस्तकालय में पठन–पाठन, हेतु मासिक, वार्षिक पत्रिका से सम्बन्धित समस्त कार्य। |
| 31. | हैल्थ एवं हाईजन समिति | श्रीमती लीला नेगी–अध्यक्ष<br>श्री रविन्द्र डबराल–सदस्य<br>श्री अनूप नौडियाल–सदस्य | संस्था में छात्र–छात्राओं को स्वास्थय जागरूकता और स्वास्थय, स्वच्छता और पोषण से सम्बन्धित समस्त कार्य। |
| 32. | Student Councellor | श्री राजू सैनी–अध्यक्ष<br>श्रीमती लीला नेगी–सदस्य<br>श्री अनूप नौडियाल–सदस्य | संस्था में छात्र / छात्राओं के कांउसलिंग से सम्बन्धित समस्त कार्य। |
| 33. | कोर्ट केस निवारण समिति | श्री विकास कुमार बहुगुणा–अध्यक्ष<br>श्री राजू सैनी–सदस्य<br>श्री राजेश सिंह–पटल सहायक | संस्था में प्राप्त कोर्ट केस से सम्बधित रिट / आवेदन पत्रों का समय अवधि के अर्न्तगत निस्तारण करना सुनिश्चित करेगी। |
| 34. | सोशल मीडिया समिति | श्रीमती लीला नेगी–अध्यक्ष<br>श्री अनूप नौडियाल –सदस्य<br>श्री राजेश सिंह–पटल सहायक<br>श्री अंकित अवस्थी–सदस्य | संस्था में आयोजित कार्यक्रमो की फोटो / वीडियो तैयार कर सुरक्षित रखना एवं सोशल / प्रिंट / इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से समन्वय स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे। |

उपरोक्तानुसार सभी समितियां कृत कार्यों की सम्पूर्ण सूचनाओं तथा बैठक के कार्यवृत्त इत्यादि का रख–रखाव एक रजिस्टर पर अंकित करेगी एवं सभी समितियों के सदस्य माह में एक से दो बार आपस में बैठक कर माह में कृत कार्यों की रिपोर्ट (सम्बन्धित अभिलेखों एवं अगले माह की कार्ययोजना के साथ) संबन्धित समिति के अध्यक्ष के माध्यम से अनिवार्यतः अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेंगे। अधोहस्ताक्षरी प्रत्येक माह प्रत्येक समिति अध्यक्षों के साथ एक बैठक करेंगे। जिसमे अद्यतन कार्य प्रगति एवं भावी कार्य–योजना की समीक्षा की जायेगी। यह आदेश निर्गत होने के तत्काल से प्रभावी होंगे तथा इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

समस्त स्टाफ / अधिकारियों / कर्मचारियों से अपेक्षित है, कि वे सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन समयान्तर्गत, पूर्ण निष्ठा से करेंगें। चार्ज हस्तान्तरण जहाँ कहीं आवश्यक हो सम्बन्धित प्रभारी को तत्काल हस्तान्तरित कर दिया जाय एवं पॉच–पॉच प्रतियों में चार्ज लिस्ट तैयार करके प्रतिहस्ताक्षर हेतु अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत की जाय।

(देवेन्द्र यादव)
प्रधानाचार्य
Principal
Government Polytech
Jakhanidhar (Tehri Garh

कार्यालय प्रधानाचार्य / समन्वयक राजकीय पॉलीटेक्निक जाखणीधार टिहरी गढवाल।

पत्र संख्या 284 / स्था0–सा0प्रशा0 / 2025–26 — दिनांकः 01 सितम्बर, 2025

प्रतिलिपि–

1–समस्त संबन्धित अधिकारियों / लैब / शॉप प्रभारियों / प्रकोष्ठ सदस्यों एवं कार्यालय सहायकों को उपरोक्त के अनुपालनार्थ / अंकन हेतु चक्रीकृत ।

2–स्टोर संस्थागत।

3–गार्ड फाईल।

(देवेन्द्र यादव)
प्रधानाचार्य
Principal
Government Polytechnic
Jakhanidhar (Tehri Garhwal)

Scanned with CamScanner